प्राचार्य कार्यालय,
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, नालन्दा- 803115
E- mail: principal.vims.pawapuri@gmail.com Website- www.vimspawapuri.org

पत्रांक – 1237 पावापुरी, दिनांक 8 / 09 / 2026

# कोटेशन आमंत्रण सूचना

विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग द्वारा प्राप्त अनुरोध पत्र (पत्रांक 147 दिनांक 30.04.2026) तथा दिनांक 25.08.2026 को आहूत क्रय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में पैथोलॉजी विभाग के Hemotology Section (Area – Length = 54 Ft, Width = 38 Ft approx ) में 2 X 2 Vitrified **IVORY COLOR** Floor Tiles (with Multi charged in 12 mm thickness) लगाने हेतु निबंधित फर्मों आदि से जो आयकर एवम् GST में निबंधित हों तथा Black listed नहीं हों, से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

कार्य – आवश्यक संख्या में TILES की आपूर्ति कर उसे निर्दिष्ट स्थल (4 ईंच बॉर्डर सहित) पर अच्छी तरह अधिष्ठापित (Flooring) करना होगा। इस कार्य हेतु अन्य सामग्री यथा सीमेंट, बालू, Grout इत्यादि सामग्रियों की आपूर्ति आपके द्वारा की जायेगी तथा भाड़ा, ढुलाई,, मजदूरी आदि का खर्च भी आपके द्वारा वहन किया जायेगा। सभी खर्च TILES की दर में ही निहित होंगे।

**कोटेशन में केवल TILES की कंपनी का नाम, दर (प्रति SQUARE FEET) तथा कर का विवरण देना अनिवार्य होगा।**

दिये गये TILES की दर में सीमेंट, बालू, Grout, मजदूरी, भाड़ा आदि सम्मिलित होगा अर्थात् TILES के अतिरिक्त किसी अन्य सामग्री, मजदूरी, भाड़ आदि देय नहीं होगा। सामग्री अच्छी किस्म की तथा Reputed Firm की होनी चाहिए। विपत्र पर GST अलग से देय होगा। **न्यूनतम दर (प्रति SQUARE FEET) वाले ($L_1$) फर्म को कार्यादेश दिया जायेगा।**

कोटेशन संस्थान के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/बंद लिफाफे में हाथों हाथ द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है। कोटेशन दिनांक 16/09/2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन अमान्य होंगे।

कोटेशन निरस्त करने/तिथि विस्तारित करने एवं अन्य किसी निर्णय लिये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु मो० नं० 8668753033 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

08/9/26
प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान
पावापुरी, नालन्दा।

ज्ञापांक – 1237 पावापुरी, दिनांक 8 / 09 / 2026
प्रतिलिपि – श्री विकास कुमार, M.E.P. कर्मी, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी, नालन्दा को आदेशित है कि आज ही इस कोटेशन आमंत्रण सूचना को संस्थान के वेबसाइट एवम् सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

08/9/26
प्राचार्य
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान
पावापुरी, नालन्दा।